Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 26-04-2005

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

Title: Need to take steps to encourage cultivation of Jatrofa plants in the country.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से सदन व सरकार की जानकारी में लाना चाहूंगा कि जट्रोफा रतनजोत नामक बनोाधि सम्पूर्ण भारत में पायी जाती है। आजकल सर्वाधिक प्रचलित औाधियों में इसकी गणना इसलिए की जा रही है क्योंकि इसके बीजों से प्राप्त तेल की कुछ प्रतिशत मात्रा डीजल के साथ मिलाकर इंजनों को संचालित किया जा रहा है तथा विश्व में पेट्रोल पदार्थो की कमी की पूर्ति में इसका विशेा योगदान है।

औाधीय उपयोग के साथ साबुन, लुब्रीकेंट, मोमबत्ती बनाने में डाई डीजल के साथ मिलाकर ईंधन के रूप में और उच्चकोटि का वार्निस बनाने आदि में इसका उपयोग किया जाता है। इसके बीजों की खली के भी अनेक व्यावसायिक उपयोग है। इसमें पाया जाने वला जेट्रोफिन तत्व से कैंसर रोग की दवा, दाद, खाज, गठिया, लकवा आदि अनेक रोगों की दवा बनायी जाती है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि किसानों को जट्रोफा रतनजोत नामक पौध के उत्पादन के लिए विशेा आर्थिक सहायता प्रदान की जाये।